## महत्वपूर्ण एवं खास

### 80 लाख का थमाया फर्जी चेक, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** उच्च क्वालिटी का आयरन ओर बताकर घटिया माल सप्लाई करने तथा सौदा रद्द होने पर रकम वापसी के लिए फर्जी चेक देने वाले आरोपी के खिलाफ गंज थाना पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी गणेश सोना निवासी शक्तिनगर खम्हारडीह ने शिकायत दर्ज कराया कि प्रार्थी स्पर्श बलदेव एक्सपोर्ट प्रालि कंपनी में काम करता है। घटना दिनांक 1 दिसंबर 2022 को जलाराम होटल में मेसर्स उड़ीसा ओर्स एंड मिनरल कंपनी से आए आरोपी जोगेन्द्र कुमार जैन से उसकी बैठक हुई। बैठक में आरोपी ने अपनी कंपनी से उच्च क्वालिटी का आयरन ओर 5000 एमटी फाइनेंस करने का सौदा तय किया। प्रार्थी की कंपनी ने 80 लाख का माल आर्डर किया। इस पर आरोपी ने घटिया क्वालिटी का माल सप्लाई कर दिया। इसकी जानकारी होने पर प्रार्थी ने सौदा रद्द कर रकम वापसी की बात कही। इस पर आरोपी जोगेन्द्र जैन ने फर्जी चेक थमा दिया। बैंक में चेक के बाउंस होने के बाद प्रार्थी को इसकी जानकारी मिली और मामले की शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने प्रकरण की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

### कोर्ट में ईडी ने दिखाई शाही शादी की वीडियो फुटेज

#### महादेव ऐप का मामला

**रायपुर (आरएनएस)।** महादेव सट्टा ऐप के कर्ताधर्ता संचालक सौरभ चंद्राकर की शाही शादी का वीडियो वायरल होने के बाद ईडी ने इसे कोर्ट में पेश किया है। कोर्ट भी इस शाही शादी व इसमें शामिल चेहरों को गौर से देख चुकी है। सट्टे का पैसा किस तरह और कैसे खर्च किया जाता है, इसकी एक बानगी कोर्ट ने भी देख ली है। भिलाई निवासी सौरभ चंद्राकर ने सट्टेबाजी के माध्यम से करोड़ों रूपए कमा लिया है। जमीन से उठकर आज आसमान में बैठा सौरभ चंद्राकर यहीं नहीं रूका। उसने अपने परिचितों कई युवाओं को दुबई बुलाकर उन्हें अपने लिए काम करने का मौका दिया। सौरभ के पड़ोसी रहे एक व्यक्ति ने बताया कि चंद्राकर ने अपने लिए काम करने के लिए करीब एक हजार लोगों को काम पर रखा था। उन्होंने कहा, दुर्ग और भिलाई के कम से कम एक हजार युवा अब पूरी दुनिया में हैं। दुबई से लौटे ऐसे ही एक युवक ने नाम बताने से इनकार करते हुए कहा कि ट्रेनीज के पहले बैच में लगभग 150 लोग थे।

### आइकोनिक एक्स्पो का त्रि दिवसीय आयोजन 17 से

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में पहली बार माइनिंग एवं कन्ट्रक्शन्स क्षेत्र में अत्याधुनिक टेक्नालाजी से निर्मित मशीनों की प्रदर्शनी साइंस कालेज मैदान में 17, 18 एवं 19 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से शाम साढ़े पांच बजे के मध्य आयोजित की गई है। उक्त जानकारी प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में संस्था के अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय एवं महासचिव तेखन सिन्हा ने दी। पत्रकारवार्ता में पाण्डेय ने बताया कि उक्त आयोजन टाटा, महिन्द्रा, वोल्वो, जेसीबी सहित ख्याति प्राप्ति कंपनियां 50 से भी अधिक संख्या में शामिल होंगी।

### अवकाश के दिनों में कार्यालय खुला रखने के निर्देश : एक लिपिक एवं एक भृत्य रहेंगे उपस्थित

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के कार्य संपादन के लिए जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुख को अपने कार्यालय में अवकाश के दिनों में एक लिपिक एवं एक भृत्य की ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिए हैं। जिला निर्वाचन शाखा राजनांदगांव से अवकाश के दिनों में पत्र, आदेश, निर्देश जारी हो रहे हैं। इन आदेशों व डाक को प्राप्त करने के लिए सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक कार्यालय में एक लिपिक एवं एक भृत्य की ड्यूटी लगाने कहा गया है। कलेक्टर ने इस आदेश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

# धान का विक्रय करने के लिए किसानों का पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक, इसके बाद नहीं किया जाएगा पंजीकरण

**कोरबा (आरएनएस)।** विधानसभा चुनाव की तिथि की घोषणा होने के साथ आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। इन सब के बीच कोरबा जिले में धान खरीदी का काम भी होना है। प्राथमिक तैयारी काफी समय से चल रही है जानकारी के अनुसार समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय करने के लिए किसानों का पंजीकरण इस महीने के अंतिम तक किया जाएगा। अब तक की स्थिति में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन को लेकर नीति घोषित नहीं हुई है कि यह काम कब से शुरू होगा। दरअसल निर्वाचन आयोग के द्वारा छत्तीसगढ़ में दो चरण में चुनाव कराने की घोषणा की गई है पहले चरण में बस्तर संभाग में 7 नवंबर को वोटिंग होगी जबकि अन्य सभी स्थानों पर 17 नवंबर को दूसरे चरण में मतदान होगा। पिछले वर्ष प्रदेश में 1 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन सभी समितियां के अंतर्गत आने वाले केदो में किया गया था। पूरे 2 महीने तक इस काम को संपन्न किया गया इस दौरान पंजीकृत किसानों के द्वारा अपने खेतों में उत्पादित और राजस्व विभाग के द्वारा सत्यापित धान की मात्रा का विक्रय किया गया। अब जबकि विधानसभा चुनाव से संबंधित तैयारियां तेज हो गई हैं और उसमें बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों का नियोजन किया जा रहा है, इस दृष्टिकोण से ऐसा प्रतीत होता है कि इस बार धान खरीदी नवंबर में शायद ही शुरू हो सके।



माना जा रहा है कि निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया होने के बाद ही धान खरीदी के काम को शुरू किया जा सकेगा। इससे पहले प्रशासन के निर्देश पर विभिन्न क्षेत्रों में राजस्व की टीमों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करने के साथ गिरदावरी का काम पूरा किया। फील्ड विजिट के साथ देखा गया कि जो किसान धान की फसल लेते हैं, उन्होंने इस बार कुल कितने रकबा में धान लगाई है। सत्यापन के आधार पर ही त्रिस्तरीय व्यवस्था के अंतर्गत किसानों से धान उपार्जित की जाएगी। सरकारी सूत्रों के मुताबिक फिलहाल खरीफ की फसल लेने वाले ऐसे किसान जो समर्थन मूल्य पर अपने उत्पाद का विक्रय करना चाहते हैं वे अनिवार्य रूप से 31 अक्टूबर तक की स्थिति में अपना पंजीकरण समितियां में कर सकेंगे। इस तिथि के बाद पंजीकरण का कार्य नहीं होगा। नहीं मिली प्रोत्साहन राशि अब जबकि वर्ष 2023 के लिए धान की खरीदी कोरबा जिले में की जानी है। इससे पहले यहां की समितियों से जुड़े कर्मियों को वर्ष 2022 के सीजन की प्रोत्साहन राशि और बोनस नहीं मिल सका है। 49 समितियां के अंतर्गत आने वाले केदो में धान का उपार्जन बीते वर्ष किया गया था और बपर खरीदी करने के साथ किसानों को लाभान्वित किया गया। सरकार की योजना के अंतर्गत खरीदी सीजन के बाद अंतिम गणना के साथ कल खरीदी के आधार पर प्रोत्साहन राशि और बोनस देने की व्यवस्था की गई है लेकिन ज्यादा समय बीतने के बाद अब तक समितियों को लाभ से वंचित रखा गया है। बताया गया कि इस राशि से ही समितियों के बहुत सारे आवश्यक खर्चों का निपटारा होता है।

## नवरात्र पर्व के लिए मंदिर समितियों के साथ टीआई ने की बैठक

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा.चांपा मार्ग में स्थित मड़वारानी मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह आगामी दिनों में क्वांर नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मंदिर की कोरबा जिले के बड़े धार्मिक स्थल के रूप में गिनती होती है। बड़ी दूर.दूर से मड़वारानी देवी के दर्शन एवं मत्था टेकने दर्शनार्थियों की भीड़ रहती है।

मड़वारानी मंदिर कोरबा.चांपा मुख्य मार्ग पर होने के साथ उनका मुख्य स्थल मड़वारानी पहाड़ के ऊपर है जहाँ लाखों दर्शनार्थियों की भीड़ प्रतिवर्ष आती है। जिसकी सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर उरगा टीआई युवराज तिवारी ने पहाड़ ऊपर एवं नीचे मन्दिर समितियों की संयुक्त बैठक लेकर चर्चा की। जिसमें सुरक्षा की दृस्टी से निर्णय लिया गया की पहाड़ नीचे कोरबा. चांपा मार्ग से मड़वारानी सडक़ मार्ग से आने वाले कोरबा.चांपा एवं अन्य क्षेत्रों से चार पहिया वाहन को पुरेना बस्ती से नहर मार्ग से होते हुए नीचे पहाड़ी गेट तक आयेंगे एवं दर्शनार्थियों को उतार कर वाहन आगे कार स्टैंड ईटाभ_ा पर स्टैंड होगा। पुन: वापसी मे उसी तरह घुसा कर वापस किया जावेगा। वही दो पहिया वाहन के लिए नीचे में स्टैंड बनाया जावेगा जो खरहरी मार्ग पर होगा। रास्ता जाम न हो जिसके लिए व्यापक व्यवस्था की जावेगी। वही पहाड़ ऊपर मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ को व्यवस्थित करने के समिति के सदस्यों के साथ पुलिस बल देख.रेख करेंगे। दुकानदारों को अपनी दुकान सडक़ मार्ग से कुछ दूरी बनाए रखने के लिए कहा गया हैं। पानी की कमी न हो जिसके लिए पंचायत लैंको पीएचई आदि को बोला जावेगा।



इस बैठक में उप निरीक्षक नवल किशोर साव के अलावा मां मड़वारानी सेवा समिति झींका महोरा से व्यस्थापक बजरंग राठौर सहसचिव संतोष कंवर बैगा, गोवर्धन, सुरेन्द्र कंवर, कोषाध्यक्ष सहस कौशिक, सुखदेव कैवर्त, रघुनंदन कंवर, राजू बरेठ, पूर्व जनपद सदस्य बरपाली पीयूष, गुरुद्वान, रामायण कंवर, मन्दिर समिति से अध्यक्ष छेदी लाल कंवर, राजा सुरजीत सिंह आदि उपस्थित होकर अपने-अपने सुझाव दिए।

## कुदमुरा रेंज में हाथियों का उत्पात जारी, चचिया में रौंदी फसल

**कोरबा (आरएनएस)।** वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज में हाथियों का उत्पात जारी है। यहां के चचिया में 23 व कुदमुरा बिट में एक हाथी विचरण कर रहा है। चचिया बिट में सक्रिय हाथियों के दल ने बीती रात भारी उत्पात मचाते हुए ग्रामीणों के खेतों में लगे धान की फसल को रौंद दिया है। जिससे 15 लोग प्रभावित हुए हैं। उन्हें काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों द्वारा क्षेत्र में लगातार उत्पात मचाए जाने से क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल है। हालांकि वन विभाग का अमला प्रभावित क्षेत्रों में लगातार मुनादी कराने के साथ ही हाथियों की निगरानी में जुटा हुआ है



फिर भी हाथी खेतों में पहुंच जा रहे हैं और ग्रामीणों की मेहनत पानी फेर रहे हैं। उधर कटघोरा वनमंडल के केंदई, एतमानगर व पसान क्षेत्र में भी हाथी समस्या लगातार बनी हुई है। यहां बड़ी संख्या में विचरण कर रहे हाथियों ने बीती रात एक बार फिर उत्पात मचाते हुए कई किसानों के फसल को रौंद दिया है। हाथियों द्वारा क्षेत्र में लगातार फसल को रौंदे जाने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

## मोव्ही एक्ट के तहत 14 वाहनों पर पुलिस ने की कार्यवाई

**कोरबा (आरएनएस)।** राज्य विधानसभा के चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से कराये जाने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा लगाई गई आचार संहिता के परिपालन में देर रात तक सिटी कोतवाली पुलिस ने गौ माता चौक इमलीडुग्गू में कैम्प लगाकर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए बाईक, माजदा, कार समेत 14 वाहनों को पकडक़र मोव्ही एक्ट के तहत कार्रवाई किया साथ ही उनके चालकों को नियम विरूद्ध वाहन चलाने को लेकर उन्हें नोटिस भी थमा दिए।

जानकारी के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार के द्वारा आदर्श आचार संहिता का परिपालन कराये जाने के लिए दिशा निर्देश जिला पुलिस विभाग को भी मिला है। इसी कड़ी में एसपी उदय किरण के निर्देशानुसार शहर कोतवाल रूपक शर्मा के नेतृत्व में नियम विरूद्ध दुपहिया, चारचक्का एवं अन्य वाहनों की चेकिंग करने के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। जिससे की इन वाहनों में मादक पदार्थों, कपड़े, नोट एंव ज्वेलरी तथा गिफ्ट वाले सामानों का परिवहन कर मतदाताओं को किसी भी राजनीतिक दल के प्रत्याशी के कारिंदो द्वारा चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित न किया जाए।

बताया जाता है कि टीआई शर्मा के आदेशानुसार गत रात्रि एएसआई द्वय अजय सिंह, लक्ष्मी कुर्रे,प्र आर लक्ष्मीकांत खरसन, आर सुनील राजपूत, दिलहेर मनहर, श्याम सिहदार, नवरतन सिदार तथा चंद्रकांत गुप्ता के द्वारा 14 वाहनों जिनमें स्वराज माजदा कार, बाइक व अन्य वाहन शामिल थे। उन्हें पकडक़र उनके चालकों व संचालकों से 36 सौ रूपए का जुर्माना समन शुल्क बतौर वसूला गया।

## हत्या की नीयत से पत्नी को महानदी में धकेला, आरोपी गिरफ्तार

**कसडोल थाना क्षेत्र के डोंगरीडीह पुल की घटना**

**कसडोल-रायपुर (आरएनएस)।** कसडोल थाना क्षेत्र के डोंगरीडीह घाट में एक युवक ने अपनी विवाहिता पत्नी को जान से मारने की नीयत से डोंगरीडीह घाट पुल से महानदी में धकेल दिया। महिला की चीख-पुकार सुनकर नदी में मछली पकडऩे गए ग्रामीणों ने किसी तरह महिला को बचा लिया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थीया उर्मिला वर्मा अपने पति अश्वनी वर्मा के साथ अर्जुनी में सोने के जेवर खरीदी करने गई हुई थी। यहां से दोनों कॉन का टॉप्स लेकर वापस लौट रहे थे। आरोपी पति अश्वनी वर्मा ने साजिश के तहत उसे वापस घर की ओर न ले जाकर लवन-कसडोल की ओर ले गया। दोनों बाइक में सवार होकर आगे बढ़ते रहे, इस पर उर्मिला को शक हुआ तो उसने अपने पति से कहा कि यह मार्ग खरोरा का नहीं लगता। इस पर अश्वनी ने उसे गुमराह करते हुए घुमाने ले जाने की बात कही और दोनों डोंगरीडीह घाट तक पहुंच गए। यहां दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और इसके बाद आरोपी अश्वनी वर्मा ने अपनी पत्नी उर्मिला को पुल से महानदी में धकेल दिया। उर्मिला की चीख-पुकार सुनकर नदी में मछली पकडऩे आए ग्रामीणों की नजर पड़ी और उन्होंने उर्मिला को किसी तरह बचा लिया। उसे तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस मामले में प्रार्थीया की शिकायत पर आरोपी पति अश्वनी वर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है।



## बसपा ने घोषित किए 17 उम्मीदवार



**रायपुर (आरएनएस)।** बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत पोयाम ने आज यहां छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए बसपा के 17 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की। यह बसपा प्रत्याशियों की दूसरी सूची है। बसपा इस बार छत्तीसगढ़ में ज्यादा से ज्यादा उम्मीदवार खड़े करने की रणनीति पर चल रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में बसपा ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के साथ चुनावी गठबंधन किया था। उस गठबंधन ने 7 सीटें जीती थीं। जिनमें पांच अजीत जोगी की पार्टी के खाते में गई और बसपा को दो सीटों पर संतोष करना पड़ा था।

आज जारी सूची के अनुसार भटगांव से नरेंद्र साहू पत्थलगांव से इन्नोसेंट कुजूर सारंगढ़ से नारायण रत्नाकर धर्मजयगढ़ से सत्यावती राठिया, रामपुर से जगतराम राठिया,सरायपाली से जयनारायण किशोर, खल्लारी से सूफल साहू, कुरूद से लालचंद पटेल, पंडरिया से चैतराम राज, डोंगरगढ़ से बहादुर कुर्रे, भानुप्रतापपुर से जालम सिंग जुर्री, केशकाल से दिनेश कुमार मरकाम, कोंडागांव से गिरधर नेताम, बस्तर से रामधर बघेल, जगदलपुर से संपत कश्यप, बीजापुर से अजय कुडियम तथा कोंटा से मासा मडकामी को प्रत्याशी बनाया गया है।

पहली लिस्ट में बिलासपुर जिले के मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र से बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दाऊराम रत्नाकर, बेमेतरा जिले के नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से ओमप्रकाश बाजपेई, जांजगीर-चांपा से राधेश्याम सूर्यवंशी, सक्ती जिले के जैजैपुर से केशवप्रसाद चंद्रा, जांजगीर चांपा जिले के पामगढ़ से इंदु बंजारे, जांजगीर -चांपा जिले के अकलतरा से डॉक्टर विनोद शर्मा, सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ से श्याम टंडन, बिलासपुर जिले के बेलतरा से राजकुमार सूर्यवंशी और रामानुजगंज-बलरामपुर जिले के सामरी विधानसभा सीट से आनंद तिग्गा को प्रत्याशी घोषित किया गया था।

## राजधानी में धारा 144 लागू, धरना-प्रदर्शन के पूर्व अनुमति जरूरी

**नेताओं के बैनर-पोस्टर निगम ने उतारे**

**संदिग्धों की धरपकड़ हुई तेत**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव की घोषणा और प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर निगम ने जहां संपत्ति विरूपण की कार्रवाई तेज कर दी है तो वहीं पुलिस ने संदिग्धों की धरपकड़ शुरू कर दी है।




नगर निगम प्रशासन ने शहर भर में लगे राजनीतिक पोस्टर और बैनरों को उतार दिया। चौक-चौराहों पर लगे नेताओं के पोस्टर ढंकने के साथ ही दीवार लेखन को मिटाने सहित अन्य सभी प्रकार की चुनावी सामग्री हटाने की कवायद शुरू हो गई है। कलेक्टर डा. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने इस संदर्भ में बैठक लेकर जिले में धारा 144 लागू कर दी है तथा अस्त्र-शस्त्र धारण करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। ताकि विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान चुनाव प्रक्रिया में असामाजिक तत्वों द्वारा भय और आतंक का वातावरण निर्मित कर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव में बाधा खड़ी न की जा सके तथा मतदाताओं में किसी भी प्रकार का भय पैदा न हो। वे भयमुक्त वातावरण में निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

**जुलूस, आमसभा के लिए अनुमति जरूरी :** निर्वाचन कार्यक्रम के साथ ही जुलूस आमसभा और धरना इत्यादि के लिए सक्षम अधिकारी से अनुमति लेनी होगी। जिले के भीतर कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के न तो कोई सभा करेगा, न ही कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा तथा न ही कोई धरना देगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले समूह/व्यक्ति के विरुद्ध धारा 188 भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत कार्रवाई होगी।

**पुलिस अलर्ट मोड पर :** विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगते ही पुलिस अलर्ट हो गई है। एसएसपी के निर्देश के बाद जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में फिक्स चेकिंग पाइंट लगाकर सभी प्रकार के वाहनों की जांच की जा रही है। अवैध रूप से शराब परिवहन, चुनाव से संबंधित सामग्री सहित अन्य संदिग्ध वस्तुओं की सघन चेकिंग करने के साथ ही रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड में भी संदिग्ध व्यक्तियों के साथ सामान की चेकिंग की जा रही है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.पी.वर्मा, श्रीमती एकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU